दिन– सोमवार | दिनांक– 23 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में बिना लाइसेंस चल रही मांस–मछली की दुकानों को बंद कराया जाएगा। नगर विकास और आवास विभाग ने जारी किया आदेश।

02. आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार करवाने के लिए अब क्यूआर कोड वाला जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। पता बदलने के लिए रंगीन आवासीय प्रमाण पत्र अनिवार्य।

03. पुलिस सप्ताह के दौरान बिहार पुलिस और एसएसबी की ओर से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया जाएगा **वाइब्रेंट विलेज अभियान**।

04. और, बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने इस वर्ष होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया। इंटर स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जून–जुलाई में होगी आयोजित।

---

राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में बिना लाइसेंस चल रही मांस–मछली की दुकानों को बंद कराया जाएगा। साथ ही स्वच्छता मानकों का पालन नहीं करने वाली मांस–मछली की दुकानें भी बंद होंगी। नगर विकास और आवास विभाग के सचिव विनय कुमार ने इस संबंध में सभी नगर निगम आयुक्त और नगर परिषद तथा नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा में अवैध रूप से संचालित मांस–मछली की दुकानों पर कार्रवाई करने की घोषणा की थी।

---

आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार करवाने के लिए अब क्यूआर कोड वाला जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। बिना क्यूआर कोड वाले जन्म प्रमाण पत्र को आवेदन के समय स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध में सभी आधार सेवा केंद्रों को दिशा–निर्देश जारी किया है। दिशा–निर्देशों में कहा गया है कि अब वही जन्म प्रमाण पत्र लिये जायेंगे, जो नगर निगम से ऑनलाइन जुड़े होंगे। वहीं, आधार में पता बदलने के लिए रंगीन आवासीय प्रमाण पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है।

---

बिहार पुलिस और एसएसबी की ओर से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में **वाइब्रेंट विलेज अभियान** चलाया जाएगा। अपर पुलिस महानिदेशक कमल किशोर सिंह ने बताया कि पुलिस सप्ताह के दौरान यह अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और आम लोगों तथा पुलिस के बीच सहयोग को बढ़ाना है।

———बाइट———

---

राज्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छियालीस लाख सत्ताईस हजार से अधिक किसानों के फार्मर रजिस्ट्रेशन का सत्यापन पूरा कर लिया गाय है। कल रविवार होने के बावजूद भी फार्मर रजिस्ट्रेशन का काम जारी रहा। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत एफआर सत्यापन अभियान में राज्य की प्रगति उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि चौवन प्रतिशत से अधिक किसानों का सत्यापन पूरा होना, किसानों के हित में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत राज्य में लगभग पैंतीस लाख परिवारों की पात्रता की जांच होगी। ये सभी वैसे परिवार हैं, जिनके नाम घर–घर सत्यापन कराने बाद अयोग्य की श्रेणी में डाल दिये गये हैं। ग्रामीण विकास विभाग के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ऐसे परिवारों की जांच के बाद ही लाभुकों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी।

---

दरभंगा के रैयाम और मधुबनी के सकरी चीनी मिल को चालू कराने के लिए आज सहकारिता विभाग और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होंगे। पटना के दीपनारायण सिंह क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रमोद कुमार और राष्ट्रीय सहकारी शक्कर संघ के अध्यक्ष हर्षवर्द्धन पाटिल भी उपस्थित रहेंगे।

---

बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने इस वर्ष होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर में मार्च से लेकर अक्टूबर महीने तक विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली पैंतालीस परीक्षाओं की तिथियां जारी की गयी है। कैलेंडर के अनुसार इंटर स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जून–जुलाई महीने में होगा। मुख्य परीक्षा सितम्बर में आयोजित होगी। वहीं, कार्यालय परिचारी और विशिष्ट परिचारी की प्रारंभिक परीक्षा जुलाई–अगस्त महीने में आयोजित की जाएगी। कैलेंडर के अनुसार चतुर्थ स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन जून–जुलाई महीने में संभावित है।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया है कि भारत ने अंगदान तथा प्रत्यारोपण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन ने देश भर में अंगदान, आवंटन और प्रत्यारोपण में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। देश में प्रत्यारोपणों की संख्या दो हजार तेरह में पांच हजार से कम थी, जो वर्ष दो हजार पच्चीस में बढ़कर लगभग बीस हजार हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में लगभग अठारह प्रतिशत प्रत्यारोपण मृत दाताओं द्वारा दान किए गए अंगों का उपयोग करके किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में अंगदान के महत्व का उल्लेख किया था।

———बाइट———

---

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत को सुपर–एट मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से छिहत्तर रनों से हार का सामना करना पड़ा है। कल रात अहमदाबाद में खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित बीस ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर एक सौ सत्तासी रन बनाए। इसके जवाब में, मेजबान टीम अठारह ओवर और पांच गेदों में एक सौ ग्यारह रन पर ही ऑल आउट हो गई। प्रतियोगिता में भारत का अगला मुकाबला छब्बीस फरवरी को जिम्बाब्वे से होगा।

---

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पटना और नालंदा में आयोजित मेन्स सीनियर वनडे ट्रॉफी के अलग–अलग मुकाबलों में वैशाली, नालंदा और औरंगाबाद की टीमों ने जीत हासिल की है।

———————————————————

पटना के अनिसाबाद स्थित सीआईएसएफ मैदान पर आयोजित एयरपोर्ट प्रीमियर लीग में सीआईएसएफ की टीम विजेता बनी है। फाइनल मुकाबले में सीआईएसएसफ ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को चौवन रनों से पराजित किया।

———————————————————

रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत लांजी गांव में राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने किया। दंगल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया।

———————————————————

रोहतास जिले के शिवसागर प्रखंड अंतर्गत सोनहर में बुद्ध महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश ने किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में समानता, भाईचारा और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है।

———बाइट———

———————————————————

प्रदेश में ठंड का असर धीरे–धीरे कम होने लगा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। विभाग ने कहा है कि अगले एक सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान अट्ठाईस से बत्तीस डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान चौदह से अठारह डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

———————————————————

राज्य के अगल–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुए सड़क हादसों में नौ लोगों की मौत हो गई। नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघरा मोड़ के पास एक मोटरसाईकिल के अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा जाने कारण मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। सभी मृतक गयाजी के रहने वाले थे। वहीं, भागलपुर जिले के दयालपुर गांव के पास एक अनियंत्रित हाइवा

की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। दूसरी तरफ,पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के खेदलपुरा में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दंपति की मौत हो गयी। वहीं, जिले के बाढ़ और फतुहा थाना क्षेत्र में अलग–अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

---

गयाजी के बोधगया के खिरियावां भुईं टोली मुहल्ले में एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने गयी एसटीएफ की टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में तीन जवान घायल हो गए। हमलावरों ने जवानों से दो पिस्टल भी छीन लिये। इस मामले में पुलिस ने छह महिला और एक पुरूष को हिरासत में लिया है।

---

पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अपराधियों ने देर रात वर–वधू स्वागत समारोह में घुसकर दो सगे भाईयों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौके पर अपराधियों ने बीस राउंड से अधिक फायरिंग की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है।

---

मुंगेर जिले के हेमजापुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई।

---

सुपौल जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के विचारी गांव स्थित चिलौनी नदी में अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची खनन विभाग की टीम पर बालू माफिया ने हमला कर दिया। इस मामले को लेकर खनन विभाग की टीम ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

---

राज्य सूचना आयोग ने सूचना का अधिकार कानून के अनुपालन में लापरवाही बरतने के आरोप में कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड के लोक सूचना पदाधिकारी पर पंद्रह हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

---

शिवहर जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल इसराफिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

---

मधुबनी जिले के लौकहा थाना क्षेत्र से लूटी गई मोटरसाईकिल के साथ पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो से अधिक गांजा भी बरामद किया गया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – शिक्षक तबादले की नई नीति अप्रैल से लागू होगी। ई–शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से होंगे तबादले।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – अमरीका से व्यापार समझौते पर ग्रहण। पंद्रह प्रतिशत टैरिफ के बाद आज से होने वाली वार्ता टली, भारत ने वैकल्पिक बाजारों पर बढ़ाया फोकस।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पच्चीस फरवरी को बिहार आयेंगे गृह मंत्री अमित शाह। कटिहार और अररिया में सुरक्षा कैंप का उद्घाटन करेंगे।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – बिहार में जून से सहकारी टैक्सी सेवा, ओला–उबर से तीस प्रतिशत सस्ती।

**राष्ट्रीय सागर** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – कांग्रेस ने एआई समिट को बनाया गंदी राजनीति का मंच।

**आज अखबार** की सुर्खी है – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव सूर्यवंशी को दिया पचास लाख रुपये का ईनाम।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में बिना लाइसेंस चल रही मांस–मछली की दुकानों को बंद कराया जाएगा। नगर विकास और आवास विभाग ने जारी किया आदेश।

02. आधार कार्ड में जन्मतिथि में सुधार करवाने के लिए अब क्यूआर कोड वाला जन्म प्रमाण पत्र देना होगा। पता बदलने के लिए रंगीन आवासीय प्रमाण पत्र अनिवार्य।

03. पुलिस सप्ताह के दौरान बिहार पुलिस और एसएसबी की ओर से नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाया जाएगा **वाइब्रेंट विलेज अभियान**।

04. और, बिहार कर्मचारी चयन आयोग ने इस वर्ष होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया। इंटर स्तरीय संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जून–जुलाई में होगी आयोजित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।